तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 29 जून 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 दुष्कर्म करने में नाकाम रहा तो कर दी पत्थर से सिर कुचलकर हत्या



## खबर संक्षेप

### प्री बीएड प्रवेश परीक्षा कल दो पालियों में होगी

**अम्बिकापुर।** व्यापम द्वारा 30 जून को दो पालियों में प्री बीएड प्रवेश परीक्षा प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक कुल 36 परीक्षा केन्द्रों में एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 से 4.15 बजे तक कुल 46 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

### भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारण

**बैकुण्ठपुर।** अंत्योदय स्वरोजगार अनुसूचित जाति एवं आदिवासी स्वरोजगार अनुसूचित जनजाति योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 की भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारण किया गया है। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित कोरिया विनय कुमार लंगेह ने शासन से प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को बैंकवार एवं शाखावार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य निर्धारण कर पात्रता रखने वाले अजा एवं अजजा वर्ग के आवेदकों से ऋण प्रकरण तैयार कर संबंधित बैंक शाखाओं को स्वीकृति के लिए पत्र प्रकरण मय अनुशंसा सहित भेजने के निर्देश दिए हैं।

### रिक्त सीटों के मंगाए गए आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल मनेन्द्रगढ़ ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विभिन्न कक्षाओं में रिक्त सीटों के लिए ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं।

### एक पिकअप लकड़ी का रेट 45 सौ रुपए

# वन विभाग में जब्त लकड़ियों की बिना नीलामी की जा रही बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

**खास बात**

- बिना नाप तौल के बेच रहे लकड़ी

वन विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ियों को बिना नीलामी के ही बेचने का मामला सामने आया है। नियमतः वन विभाग द्वारा पकड़ी गई लकड़ियों की नीलामी कराई जाती है लेकिन वर्तमान में वन विभाग के ही अधिकारी कर्मचारी गांव के लोगों को लकड़ियां बेच रहे है। वन विभाग कार्यालय से ही लोग पिकअप में भर भरकर लकड़ियां ले जा रहे है। इतना ही नहीं एक पिकअप लकड़ी की कीमत महज 45 सौ रुपए निर्धारित की गई है। इधर इस पूरे मामले में अधिकारी जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कह रहे है।

बता दें कि सरगुजा अंचल में बड़े पैमाने पर जंगलों की अवैध रूप से कटाई की जा रही है। तस्कर जंगलों से इमारती लकड़ियों की कटाई कर उन्हें दूसरे राज्यों में भी तस्करी कर रहे है। इस बीच समय समय पर वन विभाग की टीम भी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करती है। वन विभाग द्वारा जब्त की गई लकड़ियों को कार्यालय में जमा करके रखा जाता है और नियम के अनुसार समय समय पर उनकी नीलामी की जाती है लेकिन वर्तमान में वन परिक्षेत्र लखनपुर कार्यालय से लकड़ियों की चोरी कर उन्हें बेचा जा रहा है। वन विभाग के कर्मचारी ही ग्रामीणों को खुलेआम लकड़ियों की बिक्री कर रहे है। आस पास के ग्रामीण कार्यालय आकर बिना किसी रोक टोक के लकड़ियों को पिकअप में भरकर ले जा रहे है। गुरुवर को भी समूह की कुछ महिलाएं जलाऊ लकड़ी के नाम पर भारी मात्रा में लकड़ियों को पिकअप में भरकर ले जा रही थी। जब उनसे पूछा गया तो महिलाओं ने बताया कि वे अक्सर इसी तरह से लकड़ी लेकर जाते है और एक पिकअप लकड़ी का उन्होंने वन विभाग को 45 सौ रुपए दिया है।



पिकअप में लकड़ी लेकर जाती समूह की महिलाएं।

#### नहीं दे रहे कोई रसीद, ना ही नाप तौल

पूछताछ के दौरान महिला समूह की सदस्यों ने बताया कि बिक्री की गई लकड़यों की कोई नापतौल नहीं की गया है और ना ही उन्हें लकड़ी बिक्री का रसीद मिलता है। महिलाएं अक्सर लकड़ी लेकर जाती है। हैरानी के अनुसार लकड़यों की नीलामी होती है लेकिन वन विभाग के कर्मचारी लकड़यों को बिना नाप तौल के बेच रहे है और उन्हें रसीद भी नहीं दे रहे है। यदि लकड़ी बिक्री की रसीद काटी जाती तो राशि वन विभाग के कोस में जमा होती लेकिन रसीद नहीं काटे जाने से राशि कर्मचारियों की जेब में जा रही है। वन परिक्षेत्राअधिकारी मेरी लीला लकड़ा ने बताया कि बिना नापतोल के बिक्री नहीं किया जा सकता लेकिन वन विभाग के कार्यालय से ही बिना नाप तौल के लकड़ी लेकर लोग जा रहे है।

#### नहीं कर सकते बिक्री

बिना नापतोल के कोई भी लकड़ी बिक्री नहीं की जा सकती है। अगर लकड़ी की बिक्री की गई है तो यह पूर्ण रूप से गलत है और कार्यालय जाकर इसकी जांच की जाएगी।

-वीरेंद्र ठाकुर
एसडीओ वन विभाग

### सर्पदंश से राजमिस्त्री की मौत मर्ग कायम

**राजपुर।** सांप काटने से मजदूर की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार करजी निवासी 30 वर्षीय भारत आ. सोहर पहाड़ी कोरवा व परसागुड़ी निवासी श्रीराम लोहार डिगनगर निवासी शिवनाथ पहाड़ी कोरवा के घर मित्री का काम करने गए हुए थे। इस दौरान दोपहर के बजे एक कमरे से दूर कमरे में जाने के लिए जैसे ही भारत पहाड़ी कोरवा ने दरवाजा खोला अंदर कमरे में मौजूद जहरीले सांप ने भारत पहाड़ी कोरवा के पैर में काट लिया। सर्प दंश से गंभीर युवक को सभी उपचार के लिए राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही भारत पहाड़ी कोरवा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

# चार वर्ष पूर्व हुए दोहरे हत्याकांड में दो आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सौरभ व सुनील अग्रवाल की हत्या कर घर में किया गया था शव दफन, आकाश गुप्ता व श्रवण यादव पर आरोप सिद्ध

चार वर्ष पूर्व जमीन संबंधित विवाद को लेकर दोहरे हत्याकांड में कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सौरभ अग्रवाल व सुनील अग्रवाल की हत्या के मामले में आकाश गुप्ता व श्रवण उर्फ सिद्धार्थ यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पर्याप्त सबूत पेश नहीं होने के कारण प्रकरण में आरोपी रमेश अग्रवाल व शिव पटेल को दोषमुक्त कर दिया गया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 10 अप्रैल 2020 की शाम से ब्रम्ह रोड निवासी 27 वर्षीय सौरभ अग्रवाल आ. बलराज अग्रवाल व 40 वर्षीय सुनील अग्रवाल आ. राजकुमार अग्रवाल लापता थे। चाचा भतीजा के गायब होने पर परिजन ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस की जांच में मृतकों की इनोवा कार क्रमांक सीजी 15 डीएम 8349 आकाशवाणी चौक पुराने रोजगार कार्यालय के समीप से बरामद की गई थी। पुलिस को कार से उनके मोबाइल फोन, पर्स मिले थे। परिजन द्वारा लिए गए बयान में यह बात सामने आई थी कि मृतक सौरभ अग्रवाल का पड़ोसी आकाश गुप्ता से ⏭ शेष पेज 4 पर


#### नहीं दे पाए पर्याप्त सबूत, दो बरी

इस घटना में पुलिस ने रमेश अग्रवाल व शिव पटेल को भी गिरफ्तार कर आरोपी बनाया था। पुलिस की जांच में यह बताया गया था कि आकाश गुप्ता को पिस्टल रमेश अग्रवाल की मदद से शिव पटेल ने उपलब्ध कराई थी लेकिन कोर्ट में पुलिस दोनों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पेश नहीं कर पाई। ऐसे में कोर्ट में सुनवाई के दौरान हत्या के षड़यंत्र में दोनों के शामिल होने व पिस्टल उपलब्ध कराने के साक्ष्य नहीं मिलने के कारण कोर्ट ने दोनों आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

#### पहले से खोदकर रखा था गड्ढा

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार आकाश गुप्ता ने सौरभ के पिता बलराज अग्रवाल को अपनी जमीन बेचीं थी लेकिन उसके पिता द्वारा शेष रकम नहीं देने से आकाश परेशान व गुस्से में था। इसलिए उसने चाचा भतीजा के हत्या की योजना बनाई व अपनी योजना में श्रवण को शामिल किया। आरोपियों ने घर के अंदर ही शवों को दफनाने के लिए पांच दिन में बड़ा गड्ढा खोदकर तैयार कर लिया। 10 अप्रैल 2020 की शाम 7.30 बजे जब सौरभ व सुनील आकाश गुप्ता के घर पहुंचे तो आकाश व सिद्धार्थ शराब के नशे में थे। इसी दौरान सुनील अग्रवाल को सिद्धार्थ ने पिस्टल से सिर में गोली मारी जिससे उसकी मौत हो गई। जब सौरभ अग्रवाल ने विरोध करना चाहा तो आकाश ने गुप्ति मारकर उसकी हत्या कर दी और दोनों के शवों को पहले से खोदे गए गड्ढे में डालकर दफन कर दिया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान बैलिस्टिक रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि हुई कि जिस गोली से सुनील की मौत हुई वह जब्त पिस्टल से चली थी। इसके साथ ही पुलिस को आरोपियों के कार से फिंगर प्रिंट मिले थे जबकि कोर्ट में 29 अडिग साक्षियों की गवाही भी काम आई।











# 'गेम चेंजर' की 10 दिन की शूटिंग बाकी...

**मुंबई।** राम चरण की फिल्म 'गेम चेंजर' की रिलीज की तारीख से अभी तक परदा नहीं उठ पाया है। इस फिल्म पर तीन साल से काम चल रहा है, लेकिन अभी तक शूटिंग पूरी नहीं हो पाई। इस वजह से राम चरण के फैंस इसका इंतजार करते-करते थक से गए हैं। इसी बीच, अब फिल्म के निर्देशक की ओर से एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई है। एक साक्षात्कार में 'गेम चेंजर' का निर्देशन कर रहे शंकर ने बताया कि फिल्म की शूटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि अब 10 दिन की शूटिंग और बची है। शंकर इन दिनों अपनी एक और फिल्म 'इंडियन 2' के प्रचार में व्यस्त में हैं।

लाइफ Style

# सोनाक्षी

## शादी से पहले ही जहीर को मान चुकी थीं पति

सोनाक्षी सिन्हा अपनी शादी के बाद से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। सोशल मीडिया पर उनकी शादी की फोटो और वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस बीच सोनाक्षी का 2 साल पुरानी एक पोस्ट भी वायरल हो रही है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोनाक्षी, जहीर इकबाल को 2 साल पहले ही अपना पति मान चुकी थीं। दोनों ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी। फिलहाल, इस पर साफ तौर पर कोई पुष्टि नहीं हो हुई है कि सोनाक्षी और जहीर की सगाई दो साल पहले हुई थी या नहीं। लेकिन इस समय दोनों अपनी शादी को लेकर ट्रोल किए जा रहे हैं। लोग उनकी शादी को लव जिहाद बताकर उन्हें धमकी दे रहे हैं। कुछ तो इसे हिंदू धर्म का अपमान बता रहे हैं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने दो साल पहले ही सगाई कर ली थी, ऐसा ये बात हम नहीं कह रहे हैं, ऐसा सोशल मीडिया पर वायरल हो रही सोनाक्षी की पोस्ट पर यूजर्स कह रहे हैं। दरअसल, रेडिट पर एक यूजर ने सोनाक्षी की 2 साल पहले की एक पोस्ट शेयर की थी। इस पोस्ट में एक्ट्रेस अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। ये अगूंठी एक्ट्रेस ने शादी के समय भी पहन रखी थी। एक्ट्रेस की इसी पोस्ट पर यूजर दावा कर रहे हैं कि सोनाक्षी और जहीर दो साल पहले ही सगाई कर चुके थे। रेडिट यूजर ने सोनाक्षी की एक पोस्ट शेयर की जो खुद एक्ट्रेस ने 2 साल पहले डाली थी। 8 मई, 2022 को शेयर की गई, इस पोस्ट में उन्होंने लिखा था, 'मेरे लिए बहुत बड़ा दिन! यकीन नहीं हो रहा मेरा सपना सच हो रहा है।



हॉलीवुड मसाला



# शूटिंग से ब्रेक लेकर निक से मिलीं

**लॉस एंजिलिस।** बॉलीवुड की देसी गर्ल अब हॉलीवुड में भी मशहूर हो चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी आगामी फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के लिए वे ऑस्ट्रेलिया में रह रही हैं। वहीं, अभिनेत्री ने अपने इंस्टग्राम हैंडल से अपनी कुछ तस्वीरों को साझा किया है। तस्वीरों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि वे शूटिंग से ब्रेक लेकर अपने पति निक और अपने परिवार से मिली हैं। प्रियंका ने एक पोस्ट साझा किया है जिसमें वे ग्रीन ड्रेस में अपने पति निक संग क्वालिटी समय बिताती नजर आ रही हैं।



# एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने बहुप्रतीक्षित एक्शन-एडवेंचर 'रेड वन' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में ड्वेन जॉनसन और क्रिस इवांस मुख्य भूमिका में हैं। 'जुमांजी रीबूट' के निर्देशक जेक कासदन ने फिल्म का निर्देशन किया है। क्रिस मॉर्गन ने हीराम गार्सिया की कहानी पर आधारित फिल्म की पटकथा लिखी है। निर्माताओं में हीराम गार्सिया, डैनी गार्सिया, जॉनसन, मॉर्गन, कसदन और मेल्विन मार शामिल हैं। 'रेड वन' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में जॉनसन और मार्वल स्टार क्रिस इवांस के बीच रोमांचक टीम-अप दिखाया जाएगा, जिसमें जॉनसन ई.एल.एफ. के कमांडर कैलम ड्रिफ्ट के किरदार में होंगे।



# मेरे बयान को गलत पेश किया जा रहा ...

**नई दिल्ली।** दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे और कुछ-कुछ होता है जैसी फिल्मों में दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल शाहरुख खान संग काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में इस बात का जिक्र किया कि शाहरुख और सलमान के साथ उनका यादगार रिश्ता है। एक्ट्रेस ने इस बात का भी खुलासा किया कि उनका शाहरुख से संपर्क टूट गया है, क्योंकि उनका नंबर बदल गया था। वह फिर से शाहरुख से जुड़ना चाहती है। लेकिन सेक्रेटरी से संपर्क नहीं हो पा रहा है। 'मैने सिर्फ इतना कहा कि मेरे पास जो नंबर है, वो शायद पुराने हैं। फरीदा जलाल ने सोशल मीडिया पर शाहरुख खान से संपर्क टूटने के अपने बयान को गलत बताया है। जो कुछ लिखा जा रहा है वो गलत है। मैंने तो सिर्फ ये कहा था कि उनका नंबर बदल गया होगा।



# अंडमान में चल रही है सूर्या-44 की शूटिंग

**नई दिल्ली।** इन दिनों अभिनेता सूर्या अपनी दो फिल्मों को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इनमें एक है- 'कंगुवा' और दूसरी है अस्थाई शीर्षक वाली- 'सूर्या 44'। दोनों ही फिल्मों पर आए दिन नई-नई जानकारी मिल रही है और इसी सिलसिले में इस बार 'सूर्या 44' पर नया अपडेट सामने आया है। 'सूर्या 44' को इन दिनों अंडमान में शूट किया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जुलाई के पहले हफ्ते तक अंडमान लोकेशन का शेड्यूल का काम खत्म कर लिया जाएगा। इसके बाद फिल्म की टीम ऊटी जाएगी, जहां इसके अगले शेड्यूल की शूटिंग को लेकर योजना बनाने का काम चल रहा है। 'सूर्या 44' से जुड़ी एक जानकारी यह भी है कि इसके दो गानों को शूट कर लिया गया है। 'सूर्या 44' का निर्देशन कार्तिक सुब्बाराज द्वारा किया जा रहा है।

टीवी मसाला



# केबीसी 16 के नए प्रोमो के साथ टीवी पर लौटे बिग बी

**नई दिल्ली।** चर्चित क्विज शो केबीसी के जरिए बिग बी एक बार फिर छोटे पर्दे पर लौट रहे हैं। इस शो का 16वां सीजन आ रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 16 का नया प्रोमो जारी हो गया है और इसमें बिग बी एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। बिग बी कहते दिख रहे हैं, 'जिंदगी है, हर मोड़ पर सवाल पूछेगी, जवाब तो देना होगा!' इस शो में अमिताभ बच्चन प्रतिभागियों से सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछते नजर आते हैं। सवाल पूछने के साथ-साथ वे अपनी जिंदगी से जुड़े तमाम रोचक किस्से भी सुनाते हैं। यह पारिवारिक शो दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हो चला है और हर सीजन का बेसब्री से इंतजार रहता है। शो के नए सीजन को लेकर भी यही उत्सुकता है। अब शो का प्रोमो आ गया है। दिलचस्प बात यह है कि प्रोमो एक या दो नहीं, बल्कि तीन आए हैं। सोनी की तरफ से जारी किए गए तीनों प्रोमो में दिखाया गया है कि आप जीवन की किसी भी स्थिति में हों, कुछ भी फैसला करें, समाज आपसे सवाल करेगा और आपको जवाब देना होगा। अमिताभ बच्चन भी तीनों प्रोमों के आखिर में यही टैगलाइन बोलते दिख रहे हैं।

## राखी ने की उर्फी की खिंचाई कहा- जब अनुभव नहीं है तो मत बोलो

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' के अरमान मलिक और कृतिका मलिक और पायल मलिक के साथ उनके एक से ज्यादा शादी की हर तरफ चर्चा हो रही है। एक तरफ जहां मनोरंजन जगत से ऐसे लोग हैं, जिन्होंने इस कदम के लिए अरमान की आलोचना की है। वहीं कुछ दिन पहले, उर्फी यूट्यूबर के समर्थन में सामने आईं और कहा कि अरमान और उनका परिवार उन सबसे अच्छे लोगों में से हैं, जिन्हें उन्होंने जाना है और बहुविवाह अभी भी मौजूद है। अगर वे तीनों एक साथ खुश हैं, तो उन्हें अपने इस फैसले पर रहने दिया जाना चाहिए। उर्फी के इस बयान की राखी सावंत ने खूब आलोचना की है। उन्होंने कहा कि चूंकि वह शादीशुदा नहीं हैं, इसलिए उन्हें इस पर टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। राखी ने यह भी कहा कि अरमान की पहली पत्नी पायल बिल्कुल भी खुश नहीं है।



# 'बेबी जॉन' में वरुण धवन का भयानक लुक...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं। पहले ये फिल्म 31 मई को रिलीज होने वाली थी। अब क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को रिलीज होगी। वरुण धवन के फैंस भी उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वरुण धवन हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर किया। पोस्टर में उन्होंने हाथ में चाकू पकड़ा हुआ है। उनके चेहरे पर गुस्सा साफ नजर आ रहा है और वह हथियार लिए कई लोगों से घिरे हुए हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'इस साल क्रिसमस और भी मजेदार होने वाला है। 25 दिसंबर को 'बेबी जॉन'की रिलीज के लिए तैयार हो जाइए।'' यह खून-खराबा और भी खूनी होने वाला है। इस फिल्म के जरिए कीर्ति सुरेश हिंदी सिनेमा में डेब्यू कर



रही हैं। इसके अलावा, इस फिल्म में वामिका गब्बी भी अहम रोल में दिखेंगी. साथ ही फिल्म में जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी नजर आएंगे। वरुण धवन ने पिता बनने के बाद बड़ा कदम उठाया है।

जब से उनके घर में बेटी का आगमन हुआ है, तब से वह दूसरे अपार्टमेंट में शिफ्ट होने की बारे में भी सोच रहे हैं।

# शाहरुख की फिल्म से किया डेब्यू फिर 1 झटके में छोड़ दिया बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करना हर किसी का सपना होता है, चाहे वो एक्टर हो या फिर एक्ट्रेस। लेकिन एक ऐसी एक्ट्रेस है, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू कर बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने अमीर बिजनेस से शादी रचाकर अपना घर बसा लिया। बहुत कम ऐसा होता कि किसी को शाहरुख खान की फिल्म से डेब्यू करने का मौका मिले। लेकिन जो किंग खान के साथ कोई फिल्म कर लेता है, तो उसकी किस्मत चमक उठती है। दीपिका पादुकोण और अनुष्का शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस ने शाहरुख की फिल्मों से डेब्यू किया और फिर सिनेमा की दुनिया में छा गईं। आज हम आपको एक्ट्रेस के बारे में बताते हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की फिल्म में करने के बाद बॉलीवुड को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। उनका नाम है गायत्री जोशी।

## अमीर बिजनेसमैन से शादी कर बसा लिया घर

गायत्री जोशी ने 2004 में रिलीज हुई 'स्वदेस' फिल्म एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इसमें वह शाहरुख खान के अपोजिट नजर आई थीं। वैसे फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाई थी, लेकिन क्रिटिक्स से खूब तारीफ मिली थी। कई क्रिटिक्स ने 'स्वदेस' को शाहरुख खान के करियर की बेस्ट फिल्म बताया और साथ उनकी एक्टिंग की तारीफ में कसीदे भी पढ़े। फिल्म में गायत्री की अदाकारी की भी प्रशंसा हुई, लेकिन उनका करियर बहुत छोटा साबित हुआ। फिल्म की रिलीज के तुरंत बाद उन्होंने बॉलीवुड छोड़ दिया था। गायत्री जोशी ने महज 27 साल की उम्र में सिनेमा की दुनिया से रिटायरमेंट ले लिया था। इसके पीछे की वजह बताई जाती है कि वह अपनी फैमिली और पर्सनल लाइफ पर फोकस करना चाहती थी। साल 2005 में उन्होंने अमीर बिजनेसमैन विकास ओबेरॉय के शादी रचाई और फिर कभी एक्टिंग की तरफ मुड़कर नहीं देखा। गायत्री जोशी के पति विकास ओबेरॉय एक अरबपति बिजनेसमैन हैं, जो एक समय में भारत के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक थे।



## दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं कई भूमिकाएं


# 'कल्कि 2898 एडी' ही नहीं, इन फिल्मों में भी कमाल कर चुके हैं कमल हासन

*मुंबई। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' गुरुवार को रिलीज हो गई है। इसमें प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण के अलावा कमल हासन भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म में कमल हासन विलेन सुप्रीम यास्किन के रोल में हैं। कमल हासन का सिनेमा की दुनिया में अलग कद है। यूं तो वे साउथ सिनेमा से ताल्लुक रखते हैं, लेकिन बॉलीवुड में भी उन्होंने अपने अभिनय का कमाल दिखाया है। हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी उनके प्रशंसकों की कमी नहीं है। उनके अभिनय का कमाल है कि कई भूमिकाएं दर्शकों के दिलो-दिमाग में बस गई हैं।*

### एक दूजे के लिए ( 1981)

'एक दूजे के लिए' कमल हासन की बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म थी। इसमें उनके अपोजिट रति अग्निहोत्री नजर आईं। फिल्म 'ब्लॉकबस्टर'साबित हुई थी, जिसने कमल हसन को हिंदी पट्टी में रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था। इसकी कहानी एक साउथ इंडियन आदमी पर आधारित है, जिसे एक नॉर्थ इंडियन लड़की से प्यार हो जाता है। इस फिल्म में कमल हासन धाराप्रवाह हिंदी बोलते नजर आए।





### सदमा (1983)

फिल्म 'सदमा', तमिल फिल्म 'मूंद्रम पिराई' का हिंदी वर्जन थी। इसमें कमल हासन और श्रीदेवी लीड रोल में नजर आए। इसकी मूल फिल्म में बेहतरीन एक्टिंग के लिए हासन को 'नेशनल अवार्ड'मिला था। इसमें एक आदमी और मेंटली चैलेंज लड़की के बीच रोमांस दिखाया गया है। इसमें एक आदमी एक लड़की को वेश्यालय से बाहर लाता है। ब्रेन इंजरी के चलते याददाश्त गुम हो जाने के चलते वह एक 6 साल की लड़की की तरह व्यवहार करने लगती है।

### अप्पू राजा (1989)

इस फिल्म में कमल हासन ने 'अप्पू'का किरदार निभाया। फिल्म की कहानी में एक सच्चे पुलिस अफसर (कमल हासन) को एक क्रिमिनल के गैंग को टारगेट करने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। वह उस पुलिस अफसर को मार देते हैं और उसकी पत्नी को जहर दे देते हैं। वह दो जुड़वा लड़कों को जन्म देती है, जो बचपन में बिछड़ जाते हैं। दो भाई में से एक 'अप्पू' (कमल हासन) सर्कस का जोकर बन जाता है और दूसरा 'राजा'(कमल) एक मैकेनिक है। बाद में अप्पू को अपने पिता की हत्या के बारे में पता चलता है और वो उन हत्यारों से बदला लेने का प्लान बनाता है।



### सागर (1985)

साल 1985 में आई ऋषि कपूर, डिंपल कपाड़िया और कमल हासन अभिनीत यह एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म है, जो सुपरहिट रही। इसके लिए कमल हासन को 'बेस्ट एक्टर' का 'फिल्मफेयर अवॉर्ड'भी मिला था। फिल्म में एक मछुआरा 'राजा'एक लड़की 'मोना'से गुपचुप तरीके से प्यार में होता है। जब एक अमीर आदमी रवि अपनी दादी कमलादेवी के साथ रहने के लिए आता है, तो वह मोना को देखता है और उसे उससे प्यार हो जाता है। मोना के मन में भी भावनाएं उमड़ आती हैं। राजा को ये पता चलने के बाद उसका दिल टूट जाता है, लेकिन जब कमलादेवी को इस बारे में पता चलता है, तो वह मोना पर रवि को छोड़ने का दबाव डालने लगती हैं। 'सागर' को भारत की तरफ से 1985 में 'बेस्ट फॉरेन लैंग्वेज फिल्म' कैटिगरी में ऑस्कर के लिए भेजा गया था।



28 Ambikapur-BHOOMI-pg 3-0_Layout 1 6/28/2024 9:55 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित



**वाड्रफनगर।** उद्योगिनी एवं एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तत्वाधान में संचालित समग्र ग्रामीण विकास परियोजना के तहत ग्राम ढोंढी में समापन एवं हस्तांतरण समारोह एचडीएफसी बैंक के सीएसआर मैनेजर प्रशांत बर्मन, मैनेजर उदय कुमार सिंह, कृषि विकास अधिकारी मयंक सिंह, सहायक चिकित्सक भूपेंद्र कुमार चंद, कांग्रेस महिला अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला सिंह, प्राचार्य सुरेन्द्र कुमार पटेल व सरपंच श्रीमती सनमत आइके के आतिथ्य में किया गया। रिंकु मंडल ने परियोजना की गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में बताया। अतिथियों ने परियोजना की सराहना की। समूह की महिलाओं ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में दीदियों ने सांस्कृतिक गीत और नृत्य प्रस्तुत किया। प्रोजेक्टर के माध्यम से अब तक के कार्यों की डॉक्यूमेंट्री दिखायी गयी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आकांक्षा यादव, दीपक जायसवाल, रामकुंवर श्यामले, अमित चौरसिया, मुकेश दास, शिवदास सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### गुरूकुलम विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव



**अम्बिकापुर।** श्री श्री गुरूकुलम अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। छात्र-छात्राओं को रोली अक्षत लगाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाई गई। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति की श्रीमती ममता तिवारी जयंत तिवारी तथा शिक्षिका गीता सरन, ललिता कर्ष, सौम्या सिंह, अंजली केसरी उपस्थित थीं।

### देर रात तक घूमने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान



**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि एसपी के निर्देश पर बुधवार की देर शाम राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 50 से अधिक पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में जांच अभियान चलाया। टीम ने गाड़ाघाट मैदान, मल्टीपरपज स्कूल मैदान, नगर पालिका मैदान, फारेस्ट ग्राउंड प्रतापपुर नाका, कलाकेंद्र मैदान तकिया रोड़ ग्राउंड, गांधी स्टेडियम, संजय पार्क के सामने ग्राउंड, रिमझिम तालाब, बरेज तालाब, सत्तीपारा तालाब, पीजी कॉलेज ग्राउंड, शिवधारी तालाब, गोधनपुर ग्राउंड, महुआपारा ग्राउंड, किसान राईस मिल ग्राउंड, बिशुनपुर तालाब ग्राउंड, सूर्य मंदिर तालाब, पॉलिटेक्निक ग्राउंड, गंगापुर शराब दुकान के पास, मेडिकल कॉलेज रोड़, दर्रीपारा जेल तालाब, भाथूपारा तालाब, ट्रांसपोर्ट नगर, गर्ल्स कॉलेज ग्राउंड, मठपारा एरिया, जगदीशपुर रोड़, नमना तालाब मोड़ गौरव पथ, वनदेवी मंदिर के आस पास एवं रघुनाथ ग्राउंड जिला अस्पताल के पास औचक छापेमार कार्रवाई कर तालाब एवं मैदान में अनावश्यक देर रात तक बैठे आसामजिक तत्वों कों सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। इसके साथ ही पुलिस ने सार्वजानिक स्थान पर शराब पीने के मामले में 5 व्यक्तियों कों पकड़कर कार्रवाई की गई है।

## एक घंटे की बारिश से कार्यालय भवन तरबतर

# जर्जर बीईओ कार्यालय ने बढ़ाई अधिकारी-कर्मियों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

**खास बात**
- भीगे सरकारी दस्तावेज सहित अन्य

बतौली बीईओ जर्जर कार्यालय अब अधिकारी व कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बीईओ कार्यालय भवन की हालत न सिर्फ दयनीय हो गई है बल्कि मरम्मत के अभाव में भवन काफी जर्जर हो गई है। ऐसे में थोड़ी सी बारिश हुई नहीं कि जगह जगह छत से पानी सीपेज होने लगता है। गत दिन भी लगभग एक घंटे तक हुई बारिश से पूरा कार्यालय तर बतर हो गया। सभी कमरों में पानी जमा होने से बैठने तक की जगह नहीं बची। ऐसा नहीं है कि भवन के जर्जर हो जाने के संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया है बावजूद इसके किसी प्रकार की पहल नहीं होने से बीईओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी जर्जर भवन में कार्य काम करने को मजबूर है।

विकासखंड शिक्षा कार्यालय भवन काफी पुरानी हो चुकी है। वर्षों पुराने भवन के समय समय पर मरम्मत नहीं होने से अब खंडहर में तब्दील हो गया है। ठंड व गर्मी के मौसम में किसी तरह कर्मचारी विभागीय कामकाज करते है लेकिन बरसात के दिनों में भवन में सीपेज होने के कारण अधिकारी समेत कर्मचारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। इधर प्रदेश में मानसून दस्तक दे चुका और अब बारिश भी होने लगी है। गुरुवार की दोपहर भी जिले में रूक रूक कर झमाझम बारिश हुई। लगभग एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से बीईओ कार्यालय भवन में जगह जगह से पानी रिसने और सीपेज होने से हर कमरे में बारिश का पानी एकत्र हो गया वहीं कार्यालय में रख सरकारी दस्तावेज सहित अन्य सामान भीग गए। कार्यालय भवन में इस कदर सीपेज हुई की अधिकारी व कर्मचारियों को बैठने तक की जगह नहीं थी। कार्यालय में मौजूद लोग सूखे जगह पर खडे रहे। ऐसा नहीं है कि चार कमरों सहित एक बरामदा वाले बीईओ भवन कार्यालय के जर्जर होने की जानकारी अधिकारियों को नहीं है। पूर्व में भी बारिश होने तथा कार्यालय में कम जगह होने पर नए भवन की मांग की गई थी। परंतु भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण आज भी जर्जर भवन में ही बीईओ कार्यालय संचालित है। भवन की हालत ऐसी है कि सीलिंग के प्लास्टर अपने आप ही उखड़ कर गिरते है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसे में अब बीईओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को जर्जर भवन में काम करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



बीईओ कार्यालय के कमरे में भरा बारिश का पानी।

### आंधी में उड़ गया छत का शेड

भवन में सीपेज होने तथा कर्मचारियों को हो रही परेशानी के मद्देनजर साल भर पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा 6.30 लाख की लागत से छत पर शेड का निर्माण कराया था। छत पर सेड बन जाने के बाद काफी हद तक सीपेज की समस्या कम हो गई थी और बीईओ कार्यालय के अधिकारी सहित कर्मचारियों को छत से पानी रिवास से काफी राहत मिली थी। परंतु पिछले वर्ष आंधी तूफान में सेड न सिर्फ क्षतिग्रस्त हो गया बल्कि तेज हवा में उड़ गया। छत के सेड क्षतिग्रस्त हुए साल भर होने को है लेकिन आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में अब भवन की हालत पूर्व की भांति हो गई है।

### कार्यालय शिफ्ट करने की तैयारी

मानसून के दस्तक देने के साथ ही अब बारिश भी होने लगी है। चंद घंटो की बारिश ने जर्जर बीईओ कार्यालय भवन की पोल खोल दी। बारिश होने पर कार्यालय भवन में जगह जगह से सीपेज से कमरों में पानी भर जाता है। ऐसे में हो रही परेशानी को ध्यान में रख अब बीईओ कार्यालय को दूसरे जगह शिफ्ट करने की तैयारी विभाग द्वारा की जा रही है। बताया जा रहा है बीईओ कार्यालय को पटौदी थाना रोड स्थित रैन बसेरा में शिफ्ट किया जाएगा। ऐसे में रैन बसेरा में कार्यालय संचालन होने बतौली आने वाले आगंतुकों को कहां ठहराया जाएगा यह समझ से परे है।

### 30 जून तक करेंगे शिफ्ट

बीईओ कार्यालय भवन जर्जर होने तथा कामकाज प्रभावित होने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी से भवन के संबंध में बात हुई है। 30 जून तक कार्यालय को थाना रोड स्थित रैन बसेरा में शिफ्ट किया जाएगा।

-शरद चंद मेषपाल, बीईओ

### बरसात तक रैन बसेरा में कार्यालय संचालन

बीईओ कार्यालय भवन काफी जर्जर हो चुकी है। बारिश होने पर सीपेज की समस्या है। जिला अधिकारियों के निर्देशन में बीईओ कार्यालय को बरसात तक के लिए रैन बसेरा में कार्यालय का संचालन होगा।

-लक्ष्मी नारायण सिदार, जनपद सीईओ



## ग्रामीणों को देख मवेशियों को छोड़ भागे तस्कर, ले जा रहे थे बूचड़ खाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

बड़ी संख्या में मवेशियों को लेकर बूचड़ खाना जा रहे मवेशी तस्करों ने ग्राम पंचायत नवापारा कला में हिन्दू संगठन सहित ग्रामीणों को देख मवेशियों को छोड़ फरार हो गए। हिंदू संगठन के लोगों ने थाना प्रभारी एवं तहसीलदार की उपस्थिति में मवेशियों को गांव के लोगों को सुपुर्द कर दिया है।

क्षेत्र के हिंदू संगठन को सूचना मिली कि मवेशी तस्कर बड़ी संख्या में मवेशियों को लेकर भूचड़ खाना जा रहे है। सूचना पर हिंदू संगठन के गांव में एकत्र हुए तो इसकी भनक तस्करों को लग गई जिससे सभी मवेशियों को छोड़कर भाग निकले। गांव वालों ने तस्करों को पकड़ने की कोशिश किया लेकिन नहीं पकड़ सके। ग्राम पंचायत भगवानपुर एवं कंचनपुर आसपास भी मवेशियों को ले जाते समय क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी सहित हिंदू संगठन के लोगों ने पकड़ने का प्रयास किया था परंतु तस्करों को उस समय भी नहीं पकड़ सके। क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा है कि मवेशी तस्करों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा। दिन प्रतिदिन मवेशी तस्करी को लेकर पुलिस प्रशासन पुलिस प्रशासन के ऊपर सवाल खड़े हो रहे है। पुलिस मवेशी तस्करी को लेकर पुलिस कभी सक्रिय नहीं हुई जिससे मवेशी तस्करों का मनोबल काफी बढ़ गया है। मवेशी तस्करी को पकड़ने दौरान हिंदू संगठन से बिरेंद्र जायसवाल, शिवनंदन सिंह मरावी, विजय सिरदार, जयप्रकाश उपाध्यक्ष, रामप्रताप साहू, रामनारायण यादव, रमेश अग्रवाल, प्रदीप यादव, सुमित दास, दाशा राम, तहसीलदार मीना सिंह, थाना प्रभारी नीलिमा तिर्की सक्रिय रहे।

## यूरेनियम प्लेट कारोबार के नाम पर दो करोड़ की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रताड़ना से तंग आकर व्यवसायी ने लगाईं थी फांसी, अब तक दो आरोपी पहुंचे जेल

व्यवसायी द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफतार किया है। आरोपी ने मृतक को यूरेनियम प्लेट कारोबार के नाम पर झांसा देकर दो करोड़ रुपए ठग लिए और उसके बाद उसकी भूमि रजिस्ट्री के लिए दबाव बना रहा था। इस मामले में पुलिस द्वारा पूर्व में भी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। बता दें कि नमनाकला पावर हाउस रोड निवासी गुरु प्रसाद जायसवाल ने लगभग 9 माह पूर्व एक होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया था जिसमें उन्होंने अपने साथ हुई ठगी और जमीन रजिस्ट्री के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा जांच उपरान्त एक आरोपी अब्दुल नईम को गिरफ्तार किया था। वहीं इसी प्रकरण में अब पुलिस ने दूसरी गिरफ्तारी की है। पुलिस ने कोलकत्ता पीजीएसए थाना दमदम निवासी 50 वर्षीय सुजित कुमार डे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के



अनुसार आरोपियों ने मृतक गुरु प्रसाद जायसवाल को रॉयल ब्रिटिस कंपनी में यूरेनियम प्लेट कारोबार का झांसा देकर 2 करोड़ रुपए की ठगी की थी। इसके साथ ही दबाव बनाकर उसके बौरीपारा स्थित भूमि को भी रजिस्ट्री कराना चाह रहे थे। दो करोड़ की ठगी और फिर जमीन हथियाने को लेकर बनाए जा रहे दबाव व प्रताड़ना से तंग आकर व्यवसायी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को धारा 306, 34 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक सुयश पैकरा, शिव राजवाड़े शामिल रहे।

## अदाणी समूह के चार दिवसीय शिविर में 17 सौ यूनिट किया गया रक्तदान

**अम्बिकापुर।** अदाणी समूह द्वारा आयोजित चार दिवसीय रक्तदान शिविर में समूह के कर्मचारियों द्वारा 1700 यूनिट रक्तदान किया गया। रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, भाटापारा और दुर्ग जिले में स्थित सभी परियोजनाओं में चार दिवसीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 20 से 24 जून तक किया गया। जिसमें सभी परियोजनाओं में कार्यरत ठेका कामगारों के साथ-साथ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। हर साल 24 जून को अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिन के अवसर पर भारत के साथ-साथ विदेशों में भी स्थित समूह के सभी संस्थानों में रक्त दान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविर का आयोजन किया जाता है। अदाणी समूह के अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज के सरगुजा में 250 यूनिट रक्तदान के साथ 25 हजार से ज्यादा स्थानीय प्रजाति के पौधों को भी रोपित किया गया। जबकि रायगढ़ परियोजना में 100 यूनिट ज्यादा रक्तदान किया गया। इसके अलावा रायपुर में 500 यूनिट व रायगढ़ में 300 यूनिट से अधिक, भाटापारा में 230 यूनिट व जामुल सयंत्र में 300 यूनिट रक्त का दान समूह के कर्मचारियों द्वारा संबंधित जिलों के रेड क्रॉस सोसाइटी तथा अस्पतालों को कुल करीब 1700 यूनिट रक्तदान किया गया।



- रोपे गए 25 हजार से ज्यादा 3 फीट के स्थानीय प्रजाति के पौधे

## उदयपुर और लखनपुर में आवागमन के लिए दिया ई–रिक्शा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- एक हजार बच्चों के लिए शाला गणवेश और स्कूल बैग वितरण अभियान शुरू

विकास खंडों उदयपुर और लखनपुर में ई – वाहन का वितरण किया। लखनपुर के तहसील कार्यालय परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा लखनपुर के धरम सिंह और उदयपुर के नंद कुंवर को ई रिकशा तथा एक – कचरा संग्रहण वाला ई – वाहन स्वच्छ महिला स्वयं सहायता समूह को प्रदान किया।

शाला प्रवेशोत्सव के उपलक्ष्य में अदाणी फाउंडेशन की पहल से पीईकेबी प्रभावित 14 ग्रामों के शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के एक हजार बच्चों को शाला गणवेश तथा स्कूल बैग वितरण किया जाना प्रस्तावित है। इसकी शुरुआत बुधवार से की गई। विधायक श्री अग्रवाल ने ग्राम साल्ही व परसा के शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के 250 से अधिक बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और अदाणी फाउंडेशन द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कूल बैग तथा शाला गणवेश प्रदान किए।




इस अवसर पर विधायक राजेश अग्रवाल ने अदाणी फाउंडेशन की सीएसआर गतिविधियों की सराहना की और स्वास्थ्य सेवाओं की पहल पर ध्यान केंद्रित करते हुए लखनपुर और उदयपुर ब्लॉक में अपने सीएसआर संचालन का विस्तार करने का अनुरोध किया। अदाणी इंटरप्राइजेज के क्लस्टर प्रमुख मनोज शाही ने कार्यक्रम में समूह द्वारा सामाजिक सरोकारों के तहत विभिन्न कार्यों के बारे में बताया। ग्राम साल्ही में प्रस्तावित 100 बिस्तर के मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने अपनी सहमति दी। इस दौरान एसडीएम बान सिंह नेताम, जनपद सीईओ वेद प्रकाश गुप्ता, तहसीलदार चंद्रशीला जायसवाल, नायब तहसीलदार आकाश गौतम, राकेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अनिल प्रताप सिंह, प्रबोध सिंह, चंद्र बसु प्रसाद, संतोष जायसवाल, केशव अग्रवाल, विजय अग्रवाल, दीपक अग्रवाल मौजूद थे।

## किराना दुकान से इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी, तीन गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** किराना दुकान से इलेक्ट्रॉनिक कांटा चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने टीम आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ निवासी अफसाना अंसारी का मकान व किराना दुकान एक साथ है। 11 जून की देर शाम महिला के किराना दुकान के गेट का एक पल्ला खुलासा हुआ था जबकि महिला घर के अंदर काम कर रही थी। इसी दौरान कामरान, कादिर व राजा दुकान में पहुंचे और इलेक्ट्रॉनिक कांटा लेकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने घेरबंदी कर नवागढ़ निवासी 20 वर्षीय कमरान फरीदी उर्फ छोटू, 18 वर्षीय कादिर फरीदी व 27 वर्षीय राजा उर्फ विकास सारथी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से इलेक्ट्रॉनिक कांटा जब्त करने के साथ ही धारा 457, 380, 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई रम्भा साहू, आरक्षक दीपक दास, आरक्षक रमन मण्डल शामिल रहे।



## फर्जी दस्तावेजों से ग्राम भनौरा की 147 एकड़ गोचर भूमि का विक्रय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शिकायत पर कलेक्टर ने खरीद–विक्रय पर लगाई रोक

बलरामपुर जिलान्तर्गत ग्राम भनौरा की 147.23 एकड़ गोचर भूमि का विक्रय फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करने की शिकायत पर कलेक्टर ने ग्राम भनौरा स्थित भूमि के क्रय-विक्रय एवं निर्माण पर रोक लगा दी है।

अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डा.डीके सोनी ने ग्राम भनौरा स्थित 143.23 एकड़ गोचर भूमि को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विक्रय करने का आरोप लगाया है तथा मामले की शिकायत बलरामपुर कलेक्टर से की है। उन्होंने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों की भूमि विक्रय करने के मामले की जांच कराने एवं जांच उपरांत उसे शासकीय मद में दर्ज करने की मांग की है।

शिकायत पर कलेक्टर ने मामले की जांच हेतु टीम गठित की है। टीम ने जांच उपरांत अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को सौंप दिया है।

जांच रिपोर्ट में फर्जी सेटलमेंट लगाकर गोचर भूमि का विक्रय करने का उल्लेख किया गया है। गोचर भूमि को खरीदने वाले में कलेक्टर के स्टेनों, ठेकेदार, नेता, अधिकारी शामिल हैं कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट संभागायुक्त को भेजने एवं इस संबंध में संभागायुक्त द्वारा निर्णय लेने की बात कही है।

संभागायुक्त का निर्णय आने तक कलेक्टर ने ग्राम भनौरा की भूमि के खरीद-विक्रय एवं निर्माण पर रोक लगाई है। उन्होंने ग्राम भनौरा की गोचर भूमि, उसके बंटाकन एवं अंतरण पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं।

## शिविर में 275 होम्योपैथिक एवं 423 आयुर्वेद के मरीजों का किया गया उपचार

# आयुष स्वास्थ्य मेले में 241 मरीजों की रक्त जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला पुराना जिला अस्पताल परिसर में आयोजित किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी अम्बिकापुर डॉ.श्रीमती शशिबाला जायसवाल ने आयुष विभाग के संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया एवं उपस्थित लोगों से विभाग के संचालित योजनाओं के लाभ लेने की बात कही। अजय अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं होता है। एवं केके अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद एक पुरातन चिकित्सा है। जो सबको अपनानी चाहिए।




अंबिकापुर से आये हुए आयुर्वेद एवं होम्योपैथी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क उपचार एवं औषधि वितरण किया गया। बीमारी में मुख्य रूप से वात रोग, उदर रोग, अर्थ राग, स्त्री रोग, एवं मौसमी बीमारियों का उपचार किया गया। साथ ही 241 मरीजों का रक्त परीक्षण कर शुगर की जांच की गई एवं 13 लोगों का सेहत जांच किया गया। साथ ही इम्यूनिटी बूस्टर काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर में 275 होम्योपैथिक एवं 423 आयुर्वेद के मरीजो का उपचार किया गया। शिविर में मंच का संचालन डॉ. श्रीकृष्ण त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन में रजनीश जायसवाल जिला नोडल आयुष द्वारा किया गया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, अजय अग्रवाल,अनिल गोयल, लालचन्द्र अग्रवाल, मोतीलाल गुप्ता, प्रवेश गोयल, सुनील अग्रवाल, अमृत लाल अग्रवाल,थलेश्वर साहू, रविशंकर मिश्रा, विष्णु अग्रवाल डॉ.कुलदीप द्विवेदी, डॉ.सपना जायसवाल, डॉ. दिवाकर सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ.अंबिका पटेल, डॉ.आरसी शुक्ला, डॉ. मुकेश गुप्ता, भूषण तिवारी, दाऊराम कवर, सुनिल सिंह, प्रेम जंघेल, शिवप्रसाद धुर्वे, गौरी शंकर नेताम, श्रीमती अविनासी बरला, शीतल यादव, रीना लकड़ा, धनसाय, राम राजवाड़े, शांति कुजूर, मितानिन एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शिविर प्रभारी डॉ. उमेश कुमार बालानी उपस्थित थे।

CRGB
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
भारत सरकार, राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक का संयुक्त उपक्रम
क्षेत्रीय कार्यालय अम्बिकापुर, द्वितीय तल, कुसुमतारा काम्प्लेक्स, न्यु महामाया रोड
जिला - सरगुजा, छ.ग. Telephone : 7067699572, 6232033095, Email-npa.ro.amb@cgbank.in

वाहन नीलामी सूचना

बैंक द्वारा जब्त किए गये निम्नलिखित वाहन की नीलामी ‘ ’ जहां है जैसा है जो भी है’ ’ के आधार पर दर्शायी गयी तिथि एवं स्थान पर किया जाना प्रस्तावित है ।

| क्र. | सम्बंधित शाखा का नाम | ऋणी का नाम पता | वाहन का नाम / जानकारी | वाहन का पंजीयन क्रमांक | प्रारक्षित मूल्य रु. | धरोहर राशि रु. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंबिकापुर | श्री ओम प्रकाश सिंह पिता रामचरण सिंह, मकान क्रमांक 18, वार्ड नं. 2 कल्याणपुर, सूरजपुर जिला सूरजपुर | TATA TIAGO XZ+ MODEL 2021 | CG 29 AD 8375 | 3,06,000 | 30600 |

नीलामी स्थल: छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर. पता – द्वितीय तल, कुसुमतारा, न्यू महामाया रोड, अम्बिकापुर छ.ग. 497001 नीलामी तिथि : दिनांक 03 .07 .2024, समय प्रात: 11 बजे ।1. यह की इस नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्तियों को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में धरोहर / अमानत राशि का भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय अंबिकापुर के पास दिनांक 03 .07 .2024 प्रात: 10 .59 बजे तक जमा करना होगा ।2. आवेदन में शाखा का नाम, वाहन क्र., स्पष्ट रूप से लिखकर बोली राशि अंको एवं शब्दों में लिखकर स्वयं के पहचान पत्र की फोटो कापी सहित, वाहन धरोहर राशि, आदेश / मांग ड्राफ्ट का विवरण आवश्यक रूप से देना होगा। 4. सफल बोली लगाने वाले को विक्रय मूल्य की 25% राशि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के पक्ष में नगद / भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट द्वारा तुरंत ( 24 घंटे के अन्दर ) जमा करना होगा, में जमा की गयी राशि को इसमें समायोजित किया जायेगा एवं शेष 75 % राशि नीलामी विक्रय की पुष्टि से 15 दिन अथवा उसके पूर्व जमा करना होगा, ऐसा न करने पर उक्त 25 % राशि जप्त कर ली जाएगी एवं उक्त वाहन की पुन: नीलामी की जावेगी। 5. नियम एवं शर्तो के अधीन पूर्ण रूपेण सही एवं सर्वाधिक बोली पाय जाने वाली सीलबंद निविदा को सफल घोषित किया जायेगा व अन्य व्यक्तियों के भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट नीलामी के बाद बिना ब्याज के वापस कर दिया जायेगा । निविदा / नीलामी को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार उक्त कार्य हेतु गठित कमिटी का होगा। 6. बिक्री प्रमाण सत्र पूरे निविदा मूल्य एवं अन्य खर्चो के जमा करने पश्चात ही सुपुर्द किये जावेंगे। 7. इस विज्ञापन के माध्यम से ऋणी को नीलामी की सूचना दी जा रही है ।

दिनांक 24 .06 .2024
प्राधिकृत अधिकारी

28 Ambikapur-BHOOMI-pg 4-0_Layout 1 6/28/2024 9:54 PM Page 1



# दुष्कर्म करने में नाकाम रहा तो कर दी पत्थर से सिर कुचलकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

दुष्कर्म में नाकाम रहे आरोपी युवक ने हैवानियत की सभी हदें पार करते हुए महिला की पत्थर से सर कुचलकर हत्या कर दी और फिर लाश के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। हत्या व दुष्कर्म के बाद आरोपी लाश को खेत में फेंककर फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को घेराबंदी कर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

**खास बात**

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

बता दें कि गुरुवार को थाना अंतर्गत ग्राम उडुमकेला बैगापारा में 25 वर्षीया महिला की लाश मिली थी। महिला का सिर कुचला हुआ था और उसके कपड़े भी अस्त व्यस्त थे। ऐसे में उसके साथ दुष्कर्म किए जाने की संभावना भी जताई जा रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच के बाद संदेह के आधार पर गांव के ही 45 वर्षीय रघु उर्फ कंडम मांझी आ. स्व. नेगी मांझी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया और जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला को पसंद करता था और उस पर बुरी नियत रखता था। 26 व 27 जून की दरमियानी रात महिला का पति घर पर नहीं था ऐसे में महिला को अकेला पाकर आरोपी रघु मांझी महिला के घर में घुस गया और महिला को बहला फुसलाकर अपने साथ घर के पीछे ले गया। जहां आरोपी ने महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने की इच्छा जाहिर की। जब महिला ने मना किया तो आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया लेकिन वह दुष्कर्म करने में असफल हो गया जिसके बाद आरोपी ने आक्रोशित होकर महिला के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया।

आरोपी ने महिला के चेहरे पर पत्थर से कई वार किए जिससे उसकी मौत हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि हैवान आरोपी ने महिला की मौत के बाद उसके साथ जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। महिला की हत्या और दुष्कर्म करने के बाद आरोपी लाश को दूसरे युवक के खेत में फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी लेकर घटना में प्रयुक्त पत्थर, डंडा, खून से सने कपड़े को बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को हत्या, दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।



घटना स्थल की जांच करती पुलिस, इनसेट में आरोपी।

### पिता की कर चुका है हत्या

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किया गया आरोपी रघु मांझी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। आरोपी इसके पूर्व भी चोरी के मामले में पकड़ा गया था जबकि तीन वर्ष पूर्व उसने अपने ही पिता की टांगी मारकर हत्या कर दी थी। पिता की हत्या के बाद आरोपी जेल में बंद था और तीन माह पूर्व ही जेल से छूटकर बाहर आया था। आरोपी अपने ससुराल उडुमकेला आमापारा में रहता था।

### चल रही है जांच

महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने महिला की हत्या करने के बाद ढुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपी आदतन अपराधी है और हाल ही में पिता की हत्या के मामले में जेल से छूटकर आया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी

## खबर संक्षेप



### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**उदयपुर।** छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के तत्वावधान में 26 जुन को अन्तर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या पुर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता अनिल हरदहा ने कहा कि नशा मानव समाज के लिए घातक है इससे समाज में अनेकों अपराध पनपते हैं नशा चाहे वह शराब तम्बाखू , बीड़ी, चरस, सुलेशन, सिगरेट, गुटका,पाउच, गांजा या गुड़ाखु सभी मानव शरीर के लिए हानिकारक है। संस्थान के आकाश साहू ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा द्वारा नशा मुक्त सरगुजा बनाने हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान द्वारा लगातार 30 वर्षों से अभिभाजित सरगुजा जिला में नशा मुक्ति अभियान चलाया रही है। आकाश साहू द्वारा किशोरावस्था में बालक बालिकाओ को भी नशा से होने वाले नुकसानों से अवगत कराया। कार्यक्रम में शिक्षक जगदीश सिंह, पुष्पेन्द्र जायसवाल, नोहर सिंह, राजेंद्र सिंह, अकालु राम, सरपंच छत्रपाल सिंह, अलेक्जेंडर केरकेट्टा, श्रीमती देवन्ती साहू, आकाश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नपा के पार्षदों व अधिकारियों को दी गई नए कानून की जानकारी

**बलरामपुर।** नवीन कानूनों को लेकर नगर पालिका परिषद में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जिला सहायक अभियोजन अधिकारी आरके मंडावी द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुंदरमणी मिंज, उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव राय की मौजूदगी में पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों को भारत के नए कानूनों की जानकारी दी गई। नए कानून 1 जुलाई से लागू होने। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय न्याय संहिता 2023 के बारे में पार्षदों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### पुलिस अधीक्षक ने दो थाना प्रभारी का बदला प्रभार

**रामानुजनगर।** पुलिस अधीक्षक के आदेश से थाना प्रभारी प्रकाश राठौर व आरक्षक गणेश सिंह का सूरजपुर तबादला किया गया। गौरतलब है कि तीन दिन पूर्व थाना रामानुजनगर के एएसआई माधव सिंह को एन्टी क्रप्सन ब्यूरो टीम द्वारा रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ कर कार्रवाई किया गया। इसके बाद अब पुलिस विभाग ने बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना रामानुजनगर के प्रभारी प्रकाश राठौर को थाना रामानुजनगर से हटा कर जिविशा. प्रभारी सूरजपुर बनाया गया है। वहीं एक आरक्षक गणेश सिंह को थाना रामानुजनगर से थाना सूरजपुर में तबादला किया गया है। वहीं प्रभारी जिविशा. सूरजपुर के राजेन्द्र साहू को थाना रामानुजनगर के प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है

### सजेस जयनगर में कक्षा 11 वीं के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू

**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में सत्र 2024-2025 के लिए कक्षा 11 वीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। गौरतलब है कि स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जयनगर में इस नए सत्र में कक्षा 11 वीं में विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसमें एडमिशन लेने वाले विद्यार्थी 28 जून से 5 जुलाई तक ऑफलाइन आवेदन विद्यालय में जमा कर सकते हैं। बताया गया कि यहां पर कक्षा 11 वीं में गणित के 6 सीट, वाणिज्य के 20 सीट, जीव विज्ञान के 8 सीट पर एडमिशन दिया जाएगा।

# जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही पर हटाए गए बलरामपुर ईई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जल जीवन मिशन कार्य में लापरवाही पर विभाग ने अपने कार्यपालन अभियंता पर बड़ी कार्रवाई की है। विभाग के प्रमुख अभियंता ने बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता को पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर सहायक अभियंता सुशील कुमार सिन्हा को विभाग का नया ईई बनाया गया है।

- समीक्षा बैठक में कार्यों की प्रगति पर नहीं दे पाए संतोषजनक जवाब

बता दें कि पिछले दिनों जल लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक ली गई थी। समीक्षा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए थे। बैठक में बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में वांछित प्रगति नहीं होने तथा लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने में कठिनाई पाए जाने पर विभाग ने वहां के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। प्रमुख अभियंता द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विगत 20 जून को हुई राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह परिलक्षित हुआ है कि बलरामपुर जिले में जल जीवन मिशन का कार्य संतोषजनक नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता द्वारा अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जल जीवन मिशन के लक्षित कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए वांछित गति नहीं दिए जाने से बलरामपुर जिले में मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप वांछित प्रगति प्राप्त करने में कठिनाई आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के बलरामपुर खंड के प्रभारी कार्यपालन अभियंता आदित्य प्रताप को आगामी आदेश तक बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता कार्यालय में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। उनके स्थान पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंडल अंबिकापुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में सहायक अभियंता सुशील कुमार सिन्हा को बलरामपुर खंड के कार्यपालन अभियंता का प्रभार सौंपा गया है।



### लोकतंत्र की हत्या करने वाले आज संविधान बचाने कर रहे झूठी बातः अनुराग

**सूरजपुर।** भाजपा द्वारा आपातकाल के विरोध में मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज में काला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं बिलासपुर संभाग के भाजपा प्रभारी अनुराग सिंहदेव थे। श्री सिंहदेव ने कहा आपातकाल के काले अध्याय के लिए कांग्रेस पार्टी को जनता से माफी मांगनी चाहिए। आपातकाल देश की जनता के लिए काला दिवस था, जिसे तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इतिहास के पन्नों को भी काला करने का काम किया है। आपातकाल में इंदिरा सरकार ने मनमानी करते हुए जनसंघ के बड़े नेताओं को जहां जेल में बंद कर दिया था। वहीं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया पर लगाम लगाने मीडिया संस्थानों में ताला लगवा दिया था। आपातकाल में जनता के बोलने की आजादी छीन ली गई थी। उन्होंने कहा संविधान की हत्या कर आपातकाल लगाने वाले आज संविधान बचाने की झूठी दुहाई देकर देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा जो आज की पीढ़ी है, उन्हें यह जानना बेहद जरूरी है कि किस प्रकार आपातकाल के दौरान अभिव्यक्ति की आजादी को भी बुरी तरह कुचल दिया गया था। संगोष्ठी को मीसाबंदी रहे चरण सिंह, कुलवंत सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने किया। वहीं मीसाबंदी रहे चरण सिंह, कुलवंत सिंह जैसे वरिष्ठों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

## रेलमंत्री से मिले सांसद चिंतामणि महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सांसद चिंतामणि महाराज ने गुरूवार को केंद्रीय रेलमंत्री अश्विनी जायसवाल से मुलाकात की।

- अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन का फेरा बढ़ाने की मांग

केन्द्रीय रेल मंत्री से हुई अपनी पहली मुलाकात में सांसद चिंतामणि महाराज ने उन्हें सरगुजा में उपलब्ध आवागमन की सुविधाओं एवं रेल सुविधा की आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार से बताया तथा प्रस्तावित अम्बिकापुर-रेणुकूट मार्ग को सरगुजा के लिए आवश्यक बताते हुए इसके शीघ्र स्वीकृति के लिए आवश्यक पहल करने का अनुरोध किया। चिंतामणि महाराज ने यात्रियों की सुविधा की दृष्टि से अम्बिकापुर-निजामुद्दीन साप्ताहिक ट्रेन को सप्ताह में दो दिन चलाने की मांग की। उन्होंने अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन का स्टॉपेज बढ़ाने एवं बिश्रामपुर में ट्रेन का स्टॉपेज निर्धारित करने का अनुरोध किया। सांसद चिंतामणि ने बताया कि बिश्रामपुर में अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन का स्टापेज नहीं होने के कारण दिल्ली का सफर करने वाले सूरजपुर जिले के यात्रियों को ट्रेन पकड़ने के लिए अम्बिकापुर आना पड़ता है। सांसद चिंतामणि महाराज की बातें सुनने के बाद रेल मंत्री श्री जायसवाल ने कहा यात्रियों की संख्या बढ़ने पर रेलवे अवश्य ही अम्बिकापुर-निजामुद्दीन ट्रेन का फेरी बढ़ाने पर विचार करेगा। उन्होंने बिश्रामपुर स्टेशन पर निजामुद्दीन ट्रेन का स्टॉपेज निर्धारित करने के संबंध में सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। प्रस्तावित अम्बिकापुर-रेणुकूट रेलमार्ग डीपीआर मिलने पर इसकी स्वीकृति के लिए सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज के साथ रामानुजगंज नपं अध्यक्ष रमन अग्रवाल उपस्थित थे।



### तहसील कार्यालय में दोगुना दर पर बेच रहे स्टांप, लोग परेशान

**प्रतापपुर।** तहसील कार्यालय में छत्तीसगढ़ शासन के तहत मिलने वाले स्टांप में भारी गड़बड़ी किया जा रहा है। जहां खुलेआम भोले भाले ग्रामीणों से 10 का स्टांप 20 में और 50 का 80 में बेचा जा रहा है जिसे लेकर लोग परेशान है। ज्ञात होगी शपथ पत्र से लेकर सूचना के अधिकार तक के लिए देने जाने वाले स्टांप तथा कई विभागीय कार्यों में एवं रजिस्ट्री से लेकर अनुबंध के लिए लगने वाले स्टांप पेपर अनाप-शनाप दर पर विक्री कर स्टांप का कालाबाजारी किया जा रहा है। वही स्टांप सहित नोटरी में अनाप-शनाप दर पर वसूलने से लोग परेशान है। लोगों ने शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टांप बिक्री किए जाने की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि स्टांप विक्रेताओं से जानकारी ली जाएगी। शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक बेचने पर कार्रवाई की जाएगी।






## एमआईसी के निर्देशों का नहीं किया पालन, प्रभारी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बरसात के पहले सड़को और नालियों के सुधार के लिए एमआईसी के निर्णय की अनदेखी से नाराज निगम के लोक निर्माण प्रभारी शफी अहमद और पार्षदों ने निगम आयुक्त और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथ लिया है।

- जल जमाव, पैच रिपेयरिंग सहित अन्य कार्यों को लेकर दिए गए थे निर्देश

बता दें कि 12 जून को महापौर परिषद की बैठक में जलजमाव की स्थिति से निपटने नालियों की सफाई, पैच रिपेयर, कच्ची सड़को में क्रशर डस्ट डालने कहा गया था। एमआईसी के संकल्प के बाद भी कार्य में गति नहीं आई। नाराज कांग्रेस पक्ष के पार्षदों ने लोक निर्माण प्रभारी शफी अहमद के साथ निर्माण के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाया। दौरे पर निकले निगम आयुक्त प्रकाश सिंह से फोन पर चर्चा कर तीन दिन के भीतर काम शुरू करने का अल्टीमेटम दिया है। लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने बताया 12 जून को एमआईसी की बैठक में पैच रिपेयर, नालियों की सफाई, जल निकासी की व्यवस्था करने और नई बसाहटों की कच्ची सड़को में जीएसबी और स्टोन डस्ट डालने का निर्देश जारी किया गया था। इसके लिए फंड की व्यवस्था के सम्बंध में भी निर्देशित किया गया था। इसके बाद भी आज तक काम शुरू नही किया जाना दुर्भाग्यजनक है। उन्होंने निगम के अधिकारियों तत्काल काम शुरू कराने कहा।

बैठक में शैलेन्द्र सोनी, गीता प्रजापति, दीपक मिश्रा, चन्द्र प्रताप सिंह, शंकर प्रजापति, नाटा सोनी, प्रभारी कार्यपालन अभियंता सन्तोष रवि, प्रशांत खुल्लर, दुष्यंत बजाज, सतीश रवि, प्रियंका पटेल, प्रदीप पैकरा, नीलम किंडो, रत्नेश सहित लोनिवि के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पेज 1 के शेष...

### चार वर्ष पूर्व हुए दोहरे हत्याकांड...

जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। ऐसे में जब पुलिस ने आकाश गुप्ता को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया था। पुलिस ने मामले में ब्रम्ह रोड निवासी आकाश गुप्ता आ. स्व. काशीचंद गुप्ता, भटगांव कसकेला निवासी श्रवण उर्फ सिद्धार्थ यादव आ. जुगेश्वर यादव, उदयपुर लक्ष्मणगढ़ निवासी रमेश अग्रवाल आ. महावीर अग्रवाल व लुंड्रा बरगीडीह निवासी शिव पटेल आ. स्व. कन्हैया लाल पटेल को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था। 27 जून को दोहरे हत्याकांड के मामले में न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती मोनिका जायसवाल के कोर्ट में अंतिम सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राकेश सिन्हा पैरवी की। कोर्ट की सुनवाई के दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि आकाश गुप्ता व श्रवण उर्फ सिद्धार्थ यादव ने मिलकर सौरभ व सुनील अग्रवाल की हत्या की। ऐसे में न्यायाधीश ने आरोपियों आकाश गुप्ता व श्रवण उर्फ सिद्धार्थ यादव को धारा 302, 120 बी, 201 के तहत आजीवन कारावास की सजा दी है।

## समाज को साक्षर बनाने व पर्यावरण संरक्षण का रखा गया लक्ष्य

**राजपुर।** सोनार समाज की ब्लॉक ईकाई ने अब अपने समाज को साक्षर करने का बीड़ा उठाया है। बता दें कि सोनार समाज विगत कई पीढ़ियों से संगठित रुप से संचालित हो रहा है और विगत तीन वर्षों से अध्यक्ष सुरेश सोनी के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों के सहयोग से कई जन हितकारी योजनाएं लागू कर समाज का उत्थान किया जा रहा है।

समाज द्वारा कन्या विवाह योजना, बुजुर्गों के लिए अनुग्रह राशी, हर सप्ताह लक्ष्मी नरायण मंदिर में भंडारा, शासकीय स्कूलों में बच्चों के लिए जूता व पुस्तकें देना का कार्य, गर्मी के समय ठंढे पानी का प्याऊ संचालित करना, पक्षियों के लिए घोसला व दाना पानी की व्यवस्था सहित अनेकों कार्य किए जा रहे है। वहीं आज समाज की मासिक बैठक में निर्णय लिया गया है जिसके तहत पर्यवरण संरक्षण के लिए समाज के हर सदस्यों के घर कम से कम पांच पौधा लगाए जाएंगे। वहीं समाज को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अध्यक्ष ने बताया कि आज के आधुनिक युग में लोगों को साक्षर होना बेहद जरुरी है अगर जिस समाज में लोग साक्षर नही हैं वह समाज आधुनिक काल में पिछड़ा हुआ रह जा रहा है जिससे समाज में कई कुरितियां व ठगी के शिकार होकर लोग बेवजह परेशानी में पड़ जा रहे हैं। ऐसे में समाज ने सभी लोगों को साक्षर करने का बीड़ा उठाया है।

समाज के ऐसे लोगों को चिन्हांकित कर सभी को स्लेट व पेंसिल देकर पूर्ण साक्षर बनाने का बीड़ा उठाया गया है इस प्रयास से दूसरे समाज को प्रेरणा देने का कार्य किया गया है।



## बिजनेस प्लस

### डिज्नीलैण्ड मेला में फ्रिसबी राइड झुले की धूम

**अम्बिकापुर।** शहर के कलाकेन्द्र मैदान में आयोजित डिज्नीलैण्ड मेला 2024 जो कि अपने देश-विदेश के विभिन्न प्रकार के झुलों से बड़े एवं बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। विशेष रूप से से फ्रिस्बी राइड झुले को लेकर बच्चों एवं बड़ों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है जिसे संभाग में पहली बार मेले में रखा गया है इसके अलावा मेले में सभी राज्यों की नई वैरायटी की आकर्षक सामग्रियों का स्टॉक काफी कम कीमत में उपलब्ध हैं। डिज्नीलैण्ड मेला में घरों के सजावट के लिए आकर्षक समान जैसे होम एम्लायसेंज, डेकोरेशन के आयटम उपलब्ध है यहां आपको कश्मिरी साड़ी, हैण्डलूम वर्क साड़ी, जयपुर बेडशीट, लखनवी सूट, हैण्डलूम पर्दा, जुट बैग, पंजाबी जुती, हैदराबादी पर्स व ज्वेलरी, कानपुर के लैदर बेल्ट, अगरबत्ती, आयुर्वेदिक ऑयल सहित अन्य सामानों की जमकर खरीददारी की जा रही है, वही बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेको प्रकार के झुले मौजूद है जिसका बच्चे भरपुर आनंद ले रहे है। डिज्नीलैण्ड मेले में आने वाले परिवार नमकीन, मथुरावासी चाट, भेलपुरी चाट, आइसक्रीम, पिज्जा सहित अन्य खाद्य सामग्रियों का लुत्फ उठा रहे हैं।



## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्टिपल में रविवार को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगें छ.ग. के विख्यात न्यूरोसर्जन डॉ.राहुल अहलूवालिया, पेट एवं ऑत रोग विशेषज्ञ डॉ.भाविक शाह, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.नीरज प्रसाद, ह्दय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.आरके साजू, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ.अरूण अय्यर संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## एनएच 43 में दुर्घटना रोकने चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट पर लगेगी स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रात्रि में अंधेरे की वजह से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करने के उद्देश्य से जरूरी उपाय किए जा रहे हैं जिसके तहत आवश्यकता अनुसार एनएच 43 चिन्हांकित किए गए ब्लैक स्पॉट जहां दुर्घटनाएं अधिक होने की सम्भावनाएँ होती हैं,उक्त स्थलों में स्ट्रीट लाइट की स्थापना की जा रही है।बताया गया कि सरगुजा संभाग में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थलों में उचित प्रकाश की व्यवस्था के लिए दो करोड़ तीस लाख की राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से स्वीकृति भी मिल गई है और अब निविदा होने के बाद इस पर ठेकेदार ने काम भी शुरू कर दिया है।एन एच 43 स्थित सूरजपुर जिले में कुरवाँ मोड़ से केशवनगर रिहंद नदी पुल से पहले तक तथा ग्राम गिरवरगंज के इंडस्ट्रीयल एरिया मोड़ तक स्ट्रीट लाइट स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।गौरतलब है कि उक्त कार्य सूरजपुर ,कोरिया व सरगुजा में आवश्यकता अनुसार चिन्हित स्थलो में किया जाना है।

- चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में उचित प्रकाश व्यवस्था कराने का है उद्देश्य



### गांगीकोट में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को हटाया गया

**खबर का असर**

**बिश्रामपुर।** करीब छह महीने से धराशायी हुए क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को शुक्रवार को विभागीय अधिकारियों द्वारा खबर प्रकाशन उपरांत बदल दिया गया है। गौरतलब है कि सुरजपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत गांगीकोट स्कूलपारा में अरविंद के घर के पास से गुजरा विद्युत पोल करीब छह महीने से क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिरा पड़ा था और उससे विद्युत आपूर्ति भी बहाल थी। ऐसी स्थिति में यहां पर उक्त क्षतिग्रस्त विद्युत पोल के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। उक्त जगह पर ग्रामीणों की सूचना पर भाजयुमो जिला महामंत्री ने मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति का जायजा लेकर तत्काल विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया था। इस समस्या पर दो दिन पूर्व हरिभूमि द्वारा समाचार प्रकाशन किया गया था,खबर प्रकाशन के बाद हरकत में आए विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा गांगीकोट में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को हटाकर नया पोल स्थापित कर पुनः विद्युत आपूर्ति बहाल करा दी गई है जिससे स्थानीय ग्रामीणों ने अब राहत महसूस की है।

